कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिशनरेट, वाराणसी

दिनांक 30.11.2023

प्रेस नोट

थाना रामनगर पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मुकदमें में वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक महोदय के नेतृत्व में दिनांक 30/11/2023 को उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह, उ0नि0 श्री अनिल राजपूत, उ0नि0 श्री अजीत प्रताप यादव, हे0का0 अमित कुमार राय, हे0का0 मनीष यादव, हे0का0 रविन्द्र सिंह, का0 अजय कुमार, का0 गौरव भारती के मुखबिर के सूचना के आधार पर अभियुक्तगण 1.रोशन चौहान पुत्र हृदय नारायण निवासी ग्राम जमौली थाना राजपुर बक्सर बिहार 2.संजय पुत्र राजकुमार सेठ निवासी 2 / 144 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी 3.त्रिलोकी चौहान उर्फ संजय पुत्र सतीश चौहान निवासी 1 / 484 गोलाघाट थाना रामनगर वाराणसी को मोदी स्कूल के पास से समय 04.55 बजे उसके अपराध से बोध कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

पंजीकृत अभियोग :-

1- मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- मु0अ0सं0-0235/2023 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –

मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 में दिनांक 28/11/2023 को आवेदक इमरान पुत्र स्व0 राजा अली निवासी सनीगवा चन्द्रनगर थाना चकेरी जिला पूर्वी कमिश्नरेट कानपुर नगर ने लिखित सूचना दिया कि मै जै श्री अन्जनी बाला जी फुड प्रोडक्ट कम्पनी में माल सप्लाई का कार्य करता हूँ कम्पनी से फुफली, पापड लेकर अमौली थाना चकिया जिला चन्दौली में दुकानों पर माल देकर दिनांक 27.11.2023 को वापस कानपुर के लिए बस पकड़ने के लिए आटो से बनारस जा रहा था मेरे पास माल विक्रय के 2 लाख नवासी हजार एक सौ चालीस रु0 एक बैग में रखा था कि जैसे ही समय करीब 9 बजे रात कटरिया के

आगे लंका मैदान के पास पहुचा तो दो व्यक्ति एक अपाची लाल रंग कि मोटर साइकिल जिसका नं0 U.P. 65 D.B. 5652 पीछे नम्बर प्लेट पर लाल निले रंग की पट्टी लगी है तथा आगे नम्बर प्लेट पर जै बजरंग बली लिखा हुआ है मुझे रोककर कहने लगे कि मै क्राइम ब्रान्च का सिपाही हूँ तुम्हारे बैग में संदिग्ध सामान है मुझे खोलकर चेक कराओ मैने मना किया तो मेरा बैग दोनो मिल कर छिनने लगे,लेकिन मैने अपना बैग छोडा नही तथा शोर मचाया तो आने जाने वाले राहगीर मेरी और बचाव करने के लिए दौड़े तो दोनो व्यक्ति मेरा बैग छोड़कर भाग गये मैं बहुत डर गया तथा अपनी फोन से जहाँ पर माल दिया था वहाँ फोन किया तथा वापस अमौली चकिया चन्दौली चला गया । वादी के लिखित तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह को सुपुर्द हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-</u>

1- रोशन चौहान पुत्र हृदय नारायण निवासी ग्राम जमौली थाना राजपुर बक्सर बिहार उम्र 24 वर्ष
   मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0
2- संजय पुत्र राजकुमार सेठ निवासी 2 / 144 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 38 वर्ष
   मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0
3- त्रिलोकी चौहान उर्फ संजय पुत्र सतीश चौहान निवासी 1 / 484 गोलाघाट थाना रामनगर वाराणसी उम्र 32 वर्ष
   (मु0अ0सं0-0234/2023 धारा 393/419/420/467/468/471 भा0द0वि0)
   (मु0अ0सं0-0235/2023 धारा 3 / 25 आम्स एक्ट थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।)

गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान :-

30/11/2023 समय 04.55 बजे, मोदी स्कूल के पास

अभियुक्त त्रिलोकी चौहान उर्फ संजय का आपराधिक इतिहास -------

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	अपराध का थाना
01.	0169/2018	392/411 भा0द0वि0	चेतगंज
02.	0360/2018	392/411 भा0द0वि0	भेलूपुर
03.	0759/2018	392/411 भा0द0वि0	लंका
04.	0108/2020	393 भा0द0वि0	लक्सा
05.	0084/2015	313/323/342/376/392/504/506 भा0द0वि0	रामनगर
06.	0183/2018	41/411 भा0द0वि0	रामनगर
07.	0139/2020	323/392 भा0द0वि0	अलीनगर (चंदौली)
08.	0175/2021	411/413/414 भा0द0वि0	अलीनगर (चंदौली)

बरामदगी का विवरण ---------------------

1- एक अदद देशी तमंचा 12 बोर
2- दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर
3- घटना में प्रयुक्त मो0सा0 अपाचे जिस पर फर्जी नम्बर UP65 DB 5652 प्लेट लगा हुआ

<u>गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-</u>

1- प्र0नि0 श्री भरत उपाध्याय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- उ0नि0 श्री अनिल राजपूत थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- उ0नि0 श्री अजीत प्रताप यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- हे0का0 अमित कुमार राय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6- हे0का0 मनीष यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7- हे0का0 रविन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8- का0 अजय कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
9- का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी